SWASTIK NEWS

# स्वास्तिक न्यूज

सफीदों से प्रकाशित मासिक हिन्दी समाचार पत्र

मुख्य संपादक: विनय दिवान (मो. 94160-73460) संपादक: अभिषेक दिवान (मो. 74047-09000)

स्वास्तिक न्यूज एजेंसी
नाम परिवर्तन, बेदखली वह अन्य किसी भी अंग्रेजी हिंदी अखबार में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें
M: 7404709000
M: 9416073460

swastiknewssafidon@gmail.com | सफीदों | शुक्रवार 21 जून, 2024 | वर्ष:03 | अंक :08 | प्रति शुल्क:2/- | RNI No. HARHIN/2021/87376

https://swastiknewsharyana.in/ | //facebook.com/swastiknews | YouTube SWASTIKNEWS

हाय गर्मी

## दिल्ली में लू का कहर जारी, इमरजेंसी में बढ़े मरीज

# सफदरजंग अस्पताल में 24 घंटे में 13 लोगों की मौत

स्वास्तिक न्यूज संवाददाता

नई दिल्लीः राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बुधवार की रात हल्की वर्षा और सुबह आकाश में हल्के बादल छाए होने से लू से थोड़ी राहत है, लेकिन इस राहत से पहले इस बार भीषण गर्मी दिल्ली के लोगों पर कहर बनकर टूटी है। स्थिति यह है कि सफदरजंग अस्पताल में लू के कारण 24 घंटे में 13 लोगों की मौत गई, जो इस अस्पताल में एक दिन में सबसे अधिक है। इस वजह से इस अस्पताल में पिछले एक माह में लू से मरने वालों की संख्या 19 हो गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, पिछले 24 घंटे में लू लगने से 33 मरीज भर्ती कराए गए, जिसमें ज्यादातर बुजुर्ग व बाहर काम करने वाले लोग हैं। आरएमएल सहित अन्य अस्पतालों में भी काफी संख्या में लू से पीड़ित लोग भर्ती कराए गए हैं। केंद्रीय टीम ने अस्पतालों की इमरजेंसी में किया निरीक्षण लू के कारण अस्पतालों की इमरजेंसी में मरीजों का दबाव बढ़ गया।

**पिछले एक माह में लू से मरने वालों की संख्या 19**

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम ने किया निरीक्षण

इस बीच बृहस्पतिवार सुबह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की टीम एम्स, सफदरजंग, आरएमएल व लेडी





हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंची। केंद्रीय टीम ने अस्पतालों की इमरजेंसी में चिकित्सा सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही लू से पीड़ित होकर पहुंचने वाले मरीजों व मृतकों की भी जानकारी ली।

### दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों को हीटस्ट्रोक और गर्मी से संबंधित समस्याओं के लिए दिशानिर्देश किए जारी

### सरकारी अस्पतालों में भर्ती हैं 118 मरीज

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, "पिछले दिनों तापमान 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और यह पिछले 60 वर्षों में सबसे अधिक है। रात का तापमान भी 38 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तर भारत में हीटवेव से पीड़ित लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। 310 लोगों को सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। 112 को छुट्टी दे दी गई है। 118 अभी भी भर्ती हैं और 14 की मौत हो गई है।"

उल्लेखनीय है कि एनसीआर में बीते 48 घंटों में 226 लोगों की मौत हुई है। वहीं, दिल्ली में 138 लोगों की मौत हुई। हालांकि, दिल्ली स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने लू लगने से 22 लोगों की ही मौत की पुष्टि की है।

### मौसम की करवट से दिल्ली को मिली कुछ राहत

बुधवार देर रात मौसम के करवट लेने से चली आंधी और कहीं-कहीं हुई हल्की वर्षा का असर दिल्ली में गुरुवार सुबह साफ नजर आया।

भीषण गर्मी से दिल्लीवासियों को थोड़ी ही सही, लेकिन राहत मिली। आज सुबह से ही मौसम के मिजाज में कुछ राहत देखने को मिल रही है। कई जगह सुबह भी बूंदाबांदी हुई।

इसी का असर है कि कल के मुकाबले आज के न्यूनतम तापमान में छह डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। कल 35.2 डिग्री था, जबकि आज रिकॉर्ड किया गया 29.7 डिग्री सेल्सियस। कल सामान्य से आठ डिग्री अधिक था जबकि आज दो डिग्री अधिक रहा।

मौसम विभाग के मुताबिक दिन में भी आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवा के साथ धूलभरी आंधी चलने, गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने और हल्की वर्षा होने के आसार हैं। अधिकतम तापमान 42 डिग्री रह सकता है। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है।

## न्यूज ब्रीफ...

### शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मिली जमानत

**एक लाख रुपये के मुचलके पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत दी है**



**दिल्ली** के सीएम अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कोर्ट से नियमित जमानत मिल गई है। एक लाख रुपये के मुचलके पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत दी है। इससे पहले लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। हालांकि, इसके बाद उन्हें फिर से जेल जाना पड़ा था। बताया जा रहा है कि ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने सीएम अरविंद केजरीवाल को नियमित जमानत के विरोध के लिए 48 घंटे का समय मांगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट के इस फैसले के बाद सीएम केजरीवाल एक लाख रुपये के मुचलके पर शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते हैं। इस मामले में अब ईडी हायर कोर्ट का रुख कर सकती है।

**सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं**

कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी पार्टी बेहद खुश है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा है, सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। बीजेपी की ईडी की तमाम आपत्तियों को खारिज करते हुए माननीय न्यायालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक पोस्ट में ह्यसत्यमेव जयतेह्न कैप्शन लिखते हुए सीएम अरविंद केजरीवाल का फोटो पोस्ट किया है।।

### पुलिस प्रशासन की युवाओं को नशे से दूर रखने तथा खेलों से जोड़ने के लिए अनूठी पहल

स्वास्तिक न्यूज/विशाल/सफीदों: युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए पुलिस अनेक पहल चलाए हुए है।इसी कड़ी में पुलिस की एक टीम उपमंडल के गांव मुआना व रोहढ़ में पहुंची और लोगों को नशे से दूर रहने के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर डीएसपी आशिष कुमार, सदर एसएचओ आत्मा राम व नशामुक्त अभियान से जुड़े एसआई नरेश ढांडा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर लोगों खासकर युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई। इसके अलावा दोनों गांवों में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली भी निकाली गई। डीएसपी आशिष कुमार ने बताया कि नशामुक्त अभियान के तहत पुलिस युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। पुलिस का उद्देश्य नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का है। पुलिस टीमों द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं तथा युवा खेलों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अपने घर, परिवार व क्षेत्र के लोगों को ड्रग एवं हिंसा से बचाने के लिए अपने व आस-पड़ोस के युवाओं को भी प्रेरित करें।

पाकिस्तान और लश्कर से था कनेक्शन

# बारामूला मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों पर बड़ा खुलासा


स्वास्तिक न्यूज/कश्मीर

बारामूला में मारे गए दोनों आतंकिया का पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान और आतंकी संगठन लश्कर से नाता सामने आया है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुए मुठभेड़ में दो आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया है, जिसके बाद ये बड़ा खुलासा हुआ है।

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए दोनों आतंकवादी पाकिस्तानी थे और लश्कर ए तैयबा (एलईटी) से जुड़े हुए थे। सेना ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राइफल्स सेक्टर सात के कमांडर ब्रिगेडियर दीपक मोहन ने राफियाबाद में संवाददाताओं को बताया, 'मारे गए आतंकवादियों की पहचान उस्मान और उमर के रूप में हुई है और दोनों ही पाकिस्तानी मूल के हैं। दोनों ही एलईटी से जुड़े हुए थे।'

उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया था और दो सुरक्षाकर्मी घायल हुए थे। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद बारामूला के वाटरगाम इलाके में सुबह घेराबंदी कर खोज अभियान शुरू किया था। आतंकवादियों के सुरक्षाकर्मियों पर गोली चलाने के बाद खोज अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया।





### बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

ब्रिगेडियर ने कहा कि उस्मान वर्ष 2020 से कश्मीर घाटी में सक्रिय था। सेना के अधिकारी ने बताया कि अभियान के बाद बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ सप्ताह से बारामूला जिले के सोपोर-राफियाबाद इलाके में एक आतंकवादी समूह की गतिविधियों की लगातार सूचना मिल रही थी।

### लश्कर से जुड़े थे आतंकी उस्मान और उमर

अधिकारी ने बताया कि बुधवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से विशेष खुफिया जानकारी मिली कि रफियाबाद इलाके के हादीपुरा गांव के एक घर में दो आतंकवादी छिपे हुए हैं। ब्रिगेडियर देव ने बताया कि इसके बाद भारतीय सेना, पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने संयुक्त अभियान चलाया और इलाके को घेर लिया। उन्होंने बताया कि नागरिकों को मकानों से सुरक्षित निकाला गया तथा पूरे इलाके की छानबीन की गई। इस दौरान आतंकवादियों ने गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। ब्रिगेडियर देव ने दोनों आतंकवादियों के मारे जाने को सुरक्षा बलों के लिए एक और बड़ी सफलता करार दिया।

सीएम सैनी का बड़ा ऐलान

## परिवार पहचान पत्र में अब सिर्फ एफिडेविट से सुधार संभव



स्वास्तिक न्यूज/अनु शर्मा

कैथलः हरियाणा में परिवार पहचान पत्र की खामियों के चलते परेशान लोगों के लिए अच्छी खबर है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि अब एफिडेविट के के आधार पर वार्षिक आय कम करने की व्यवस्था की गई है।

सीएम गुरुवार को कैथल में जिले के कार्यकताओं की बैठक लेने पहुंचे थे, जहां पर कुछ कार्यकताओं ने परिवार पहचान पत्र की समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी। इसको लेकर मुख्यमंत्री ने बताया कि परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय अधिक होने की समस्याओं का सरलीकरण करते हुए अब केवल एफिडेविट के आधार पर वार्षिक आय कम करने की व्यवस्था की गई है।

सीएम सैनी बताया कि इसको लेकर अधिकारियों को भी निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपनी वार्षिक आय कम करवाना चाहता है। वह स्वयं का एफिडेविट लेकर अधिकारियों के पास जाए। अधिकारी उस एफिडेविट को अपलोड करके उसका बीपीएल कार्ड बनाएगा।

हरियाणा की दो लोकसभा सीटों को लेकर ईसीआई का बड़ा फैसला

# भाजपा की जीती हुई दोनो सीटों पर EVM होंगी चेक

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया


**चंडीगढ़:** हरियाणा में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत को लेकर भारतीय चुनाव आयोग ने गंभीरता से लेते हुए बड़ा फैसला लिया है। दरअसल कांग्रेस उम्मीदवारों की ओर से चुनाव के दौरान गड़बड़ी की आशंका की शिकायत के बाद ईसीआई ने हरियाणा की करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीट की ईवीएम चेक करवाने का फैसला लिया है।

### कांग्रेस उम्मीदवारों ने की थी शिकायत

आपको बता दें कि करनाल लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा की ओर से चुनाव आयोग को ईवीएम की जांच करने की मांग करते हुए चिट्ठी लिखी गई थी। वहीं फरीदाबाद से कांग्रेस के उम्मीदवार महेंद्र प्रताप सिंह ने भी गड़बड़ी की आशंका जताई थी। वहीं इलेक्शन कमिशन ऑफ इंडिया की ओर से कहा गया है कि ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन आए थे। इनमें हरियाणा के करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीट के भी नाम शामिल थे। लोकसभा के अलावा राज्य विधानसभाओं के चुनाव के लिए भी 3 आवेदन परिणामों की घोषणा के बाद आए थे। इनमें शिकायत की गई थी कि ईवीएम की जली हुई मेमोरी, माइक्रोकंट्रोलर की जांच, सत्यापन किए जाना शामिल था।

### करनाल, फरीदाबाद सीटों पर बीजेपी की हुई जीत

हरियाणा की करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीट पर बीजेपी के उम्मीदवार जीते है। जिनमें हरियाणा के साढ़े नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल ने करनाल लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को हराकर जीती और अब मोदी कैबिनेट में ऊर्जा मंत्री बने हैं। वहीं फरीदाबाद लोकसभा सीट पर बीजेपी के कृष्ण पाल गुर्जर ने कांग्रेस के महेंद्र प्रताप सिंह को हराकर जीत हासिल की। मोदी कैबिनेट में गुर्जर भी राज्यमंत्री बनाए गए हैं।।



## जनता को सिर्फ हम पर भरोसा, जम्मू कश्मीर में बोले पीएम मोदी

### युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने किया सम्बोधन

### "जम्मू-कश्मीर में आ रहा यह बदलाव हमारी सरकार की बीते 10 सालों की कोशिशों का नतीजा है

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया

जम्मूः लोकसभा चुनाव में जीत के बाद पीएम मोदी गुरुवार को पहली बार जम्मू कश्मीर के दौरे पर पहुंचे।लोगों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं।पीएम ने कहा कि लोकसभा इलेक्शन में मिले जनादेश का बहुत बड़ा मैसेज स्थिरता का है, पीएम मोदी ने कहा कि कश्मीर में लगातार विकास योजनाओं पर काम जारी है। जगह-जगह हाईवे बन रहे हैं। रेल से कश्मीर को जोड़ा जा रहा है। श्रीनगर में आयोजित 'युवाओं का सशक्तिकरण, जम्मू-कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "जम्मू-कश्मीर में आ रहा यह बदलाव हमारी सरकार की बीते 10 सालों की कोशिशों का नतीजा है।" प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीनगर में कहा कि भारत ने पिछली सदी में अस्थिर सरकारें देखीं, 10 सालों में पांच आम चुनाव देखे।पीएम मोदी ने कहा कि आज जम्मू कश्मीर स्टार्ट-अप्स, स्किल डेवलपमेंट और स्पोर्ट्स का एक बड़ा हब बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "पूरी दुनिया कश्मीर घाटी में हो रहे बदलावों को देख रही है।

हमारा कश्मीर कितना आगे बढ़ गया है।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनने वाला है।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आजादी के बाद यहां की बेटियों और कमजोर वर्ग के लोगों को उनके हकों से वंचित रखा गया।

सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलते हुए हमारी सरकार ने सभी को अधिकार और अवसर दिए हैं" गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दो दिन के दौरे पर पहुंचे हैं। पीएम मोदी 10वें 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' पर 21 जून को श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे और योग प्रेमियों के साथ योगासन करेंगे। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनते ही योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की पहल की थी। उन्होंने सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र में 'योग दिवस' मनाने का प्रस्ताव रखा था।।

हरियाणा सरकार श्रमिकों पर हुई मेहरबान,बेटियों को शादी से पहले मिलेगा शगुन

# हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की घोषणा

स्वास्तिक न्यूज संवाददाता

**जींद:** हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने जींद की नई अनाज मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय श्रमिक जागरूकता एवं सम्मान समारोह में श्रमिकों को कई सौगातें दी। सीएम ने मंच से दो नई योजनाओं की घोषणाओं का शुभारंभ किया। जिसके तहत श्रमिक की बेटी के विवाह में कन्यादान एवं विवाह सहायता योजना के तहत 1 लाख 1 हजार रुपए में से 75 प्रतिशत राशि विवाह के तीन पहले मिलेगी और विभाग का कर्मचारी अधिकारी खुद चेक देकर आएगा।




वहीं, श्रमिक द्वारा पंजीकरण कराने के तुरंत बाद 1100 रुपए की राशि खाते में आएगी। सीएम नायब सैनी ने विभाग की 18 योजनाओं के तहत 1 लाख 2 हजार 629 श्रमिकों को 79 करोड़ 69 हजार रुपए के लाभ की राशि सीधे उनके खातों में ऑनलाइन भेजी। समारोह में सीएम ने सांकेतिक रूप से विभिन्न योजनाओं के लिए लाभार्थियों को चेक वितरित किए और बेटियों को इलेक्ट्रिक स्कूटी की चाबी सौंपी। समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य और श्रम मंत्री मूलचंद शर्मा भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

### सीएम सैनी ने दी करोड़ों रुपये की सौगात

सीएम नायब सैनी ने कहा कि पहले वे ही इस विभाग के मंत्री थे, लेकिन सांसद बन दिल्ली चले गए थे। जजपा के राज्य मंत्री अनूप धानक का नाम लिए बगैर कहा कि 5 साल श्रमिकों के लिए जो काम होना था, वो नहीं हो पाया है। इसमें काफी पेंडेंसी मिली तो एक साथ ही लाभ जारी किया। सीएम द्वारा जारी किए गए लाभों में 42,166 महिलाओं के खातों में सिलाई मशीन के लिए 15 करोड़ 7 लाख रुपए, साईकिल योजना के तहत 19,925 श्रमिकों को 9.95 करोड़ रुपए, औजार खरीदने के लिए 19,880 श्रमिकों को 15.90 करोड़ रुपए, पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए 3068 बच्चों को 2.96 करोड़ रुपए, इलेक्ट्रिक स्कूटर योजना के तहत ई-स्कूटर की खरीद के लिए 1446 बच्चों को 7.23 करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके खातों में डाली गई है।

### सीएम सैनी ने कांग्रेस पर भी साधा निशाना

इसी प्रकार, बेटी की शादी के लिए वित्तीय सहायता और कन्यादान योजना के तहत 1206 श्रमिकों के खातों में 12.18 करोड़ रुपए, पंजीकृत श्रमिक के मेधावी बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना के तहत 379 बच्चों को 1.25 करोड़ रुपए, पुत्र की शादी के लिए वित्तीय सहायता योजना के तहत 34 श्रमिकों को 7 लाख रुपए की राशि सीधे उनके खातों में डाली गई है। वहीं सीएम ने कहा कि कांग्रेस के समय में गैस का सिलेंडर नहीं मिलता था, साथ ही हुड्डा सरकार में लोगों का शोषण हुआ है। लेकिन प्रदेश की जनता के लिए हम समर्पित हैं।

श्रद्धा

**चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर40 दिन में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने नवाया शीश**

# पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष चारधाम यात्रा हुई देरी से शुरू

स्वास्तिक न्यूज/विनय दीवान


**चारधाम यात्राः** पूरा देश भयंकर गर्मी और लू से जूझ रहा है। इसके अलावा जून की प्रचंड गर्मी और इंद्रदेव की बेरुखी भले ही जनसामान्य को बेचैन कर रही है,मगर चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

### अबकी बार हुई यात्रा देर से शुरू

पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष चारधाम यात्रा देरी से शुरू हुई है, लेकिन मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही प्रचंड गर्मी और पर्वतीय अंचल में सुकून की छांव के कारण इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। वषार्काल में विलंब के कारण भी श्रद्धालुओं को यात्रा सुगम एवं सुरक्षित लग रही। इसकी गवाही यात्रा के आंकड़े दे रहे हैं। बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 40 दिन में 6.19 लाख अधिक श्रद्धालु चारधाम पहुंचे हैं

### 10 मई से शुरू हुई यात्रा

उत्तराखंड के चारधाम यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ व बदरीनाथ के दर्शन को हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। लेकिन, इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या बीते वर्षों की अपेक्षा कहीं अधिक है। इस वर्ष यात्रा 10 मई को शुरू हुई और इस दौरान ज्यादातर स्कूल-कालेज में ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते बंद हो चुके थे। इसके अलावा जून के दूसरे पखवाड़े में भी वर्षा नहीं हुई तो श्रद्धालुओं के लिए यात्रा सुरक्षित और सुलभ हो गई। पिछले वर्ष 22 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हुई थी और 22 अप्रैल से 31 मई के बीच 40 दिनों में 18,91,217 श्रद्धालुओं ने चारों धाम के दर्शन किए। जबकि, इस बार 10 मई से शुरू हुई यात्रा में 18 जून तक (40 दिनों के बीच) 25,10,767 श्रद्धालु चारों धाम में दर्शन को पहुंच चुके हैं। इससे साफ है कि आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ेगी।



## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए योग प्रोटोकॉल का किया अभ्यास

स्वास्तिक न्यूज

**असन्ध।** 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में रा० कन्या० वरि० मा० विद्यालय के प्रांगण में चल रहे योग शिविर के 12 वें दिन पतंजलि योग समिति की स्थानीय इकाई के प्रभारी नरेंद्र शर्मा व भारत स्वाभिमान करनाल के योग प्रशिक्षक जिलाध्यक्ष सोमनाथ अरोड़ा, योग प्रशिक्षक दिनेश शर्मा व महिला योग शिक्षिका राज रानी मैहला,सरस्वती मलिक व सचिन मलिक ने भाग लिया।

शिविर में आये साधकों व प्रशिक्षुओं को सहज व कठिन आसनों का अभ्यास करवाया। इस योग दिवस पर में योग प्रशिक्षक अधिकारियों व कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के योग प्राणायाम से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी देंगे।

उन्होंने कहा कि इस बार का थीम महिला सशक्तिकरण है। राजरानी मैहला व सोमनाथ अरोड़ा ने कहा कि स्वामी रामदेव का संकल्प हर चूल्हे तक योग पहुंचाना है।

इस अवसर पर पतंजलि योग समिति असन्ध के प्रभारी एडवोकेट नरेन्द्र शर्मा ने योग शिविर में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पतंजलि योग समिति की टीम 15 वर्षों से क्षेत्र के लोगों को योग प्राणायाम का अभ्यास करवा रही है। इस अवसर पड़ मास्टर महेन्द्र चोरकारसा, मुनीराम बल्ला, माया राम शास्त्री, सुनीता गोयल, मनीषा, मंजू गर्ग,सुरेश बंसल व बालमुकुंद आदि उपस्थित रहे।

## सीएनजी या इलेक्ट्रिक, कौनसी कारों में है आग लगने का खतरा ज्यादा?

स्वास्तिक न्यूज

आम तौर पर, सीएनजी कारों में फ्यूल लीकेज के कारण आग लगने का खतरा होता है, जबकि इलेक्ट्रिक कारों में बैटरी से संबंधित समस्याओं के कारण आग लग सकती है। दोनों ही मामलों में सही इंस्टॉलेशन, रेगुलर मेंटेनेंस और सुरक्षा उपायों का पालन करके आग लगने के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इस तेज गर्मी में गाड़ियां भी आग पकड़ रही हैं। टेम्प्रेचर इतना ज्यादा है कि इलेक्ट्रिक और उठॠ दोनों तरह की कारों पर आग लगने का खतरा मंडरा रहा है। इस बीच लोग कन्फ्यूज हैं कि सीएनजी या इलेक्ट्रिक, गर्मियों के समय कौन सी गाड़ियों के लिए खतरा ज्यादा है? दरअसल सीएनजी (कंप्रेस्ड नैचुरल गैस) और इलेक्ट्रिक कारों में आग लगने का खतरा दोनों में होता है, लेकिन ये खतरे अलग-अलग कारणों और स्थितियों पर निर्भर करते हैं। आइए, दोनों तरह की कारों में आग लगने के खतरे को समझते हैं।



### सीएनजी कारों में आग लगने का खतरा

फ्यूल लीकेजः सीएनजी हाई प्रेशर पर स्टोर की जाती है. अगर किसी कारण से फ्यूल लीकेज होता है, तो यह आग लगने की बड़ी वजह बन सकता है। फ्यूल लाइन और टैंक की सेफ्टीः अगर फ्यूल लाइन या टैंक में किसी तरह की खराबी होती है, तो गैस का रिसाव हो सकता है, जिससे आग लगने का खतरा बढ़ जाता है।

**गलत इंस्टॉलेशनः** अगर उठॠ किट का इंस्टॉलेशन सही तरीके से नहीं किया गया है या इसमें कोई तकनीकी खराबी है, तो यह भी आग का कारण बन सकता है।

**मेंटेनेंस की कमीः** CNG कारों को रेगुलर मेंटेनेंस की जरूरत होती है। मेंटेनेंस की कमी से फ्यूल सिस्टम में खराबी आ सकती है, जिससे आग लगने का खतरा बढ़ जाता है।

### इलेक्ट्रिक कारों में आग लगने का खतरा

तेज धूप और गर्मी में इलेक्ट्रिक कारें किन वजहों से आग पकड़ लेती हैं, इसके बारे में जानिए।

**बैटरी की समस्याः** इलेक्ट्रिक कारों में लिथियम-आयन बैटरी का इस्तेमाल होता है। अगर बैटरी ओवरहीट हो जाए या डैमेज हो जाए, तो ये आग लगने का कारण बन सकती है।

**शॉर्ट सर्किटः** इलेक्ट्रिकल सर्किट में किसी तरह की गड़बड़ी या शॉर्ट सर्किट होने पर आग लग सकती है।

**बैटरी पैक का खराब होनाः** अगर बैटरी पैक में खराबी है या यह फिजिकल डैमेज हुआ है, तो यह आग का जोखिम पैदा कर सकता है। चार्जिंग के दौरान सुरक्षा उपायों का पालन न करनाः इलेक्ट्रिक कार को चार्ज करते समय अगर सुरक्षा उपायों का पालन नहीं किया जाता, तो ओवरचार्जिंग या दूसरी समस्याओं के कारण आग लग सकती है। सीएनजी टैंक और फ्यूल लाइन की रेगुलर जांच और मेंटेनेंस कराएं।

# नागरिकों की समस्याओं का तुरंत प्रभाव से समाधान किया जाएः डीसी

**परिवार पहचान पत्र और पेंशन से संबंधित बहुत सी शिकायतों का किया मौके पर ही समाधान**

- वीरवार को समाधान शिविर में आई कुल 146 शिकायतें

स्वास्तिक न्यूज/ विनय दीवान

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की समस्याएं दूर करने में किसी स्तर पर देरी न हो। बिना किसी ठोस वजह के आवेदनों को लंबित न रखा जाए। हर संभव कौशिश करें कि नागरिकों की समस्याओं का समाधान शिविर में मौके पर ही समाधान हो। उन्होंने कहा कि हर रोज की रिपोर्ट मुख्यालय को जाती है और जहां प्रतिदिन आने वाली समस्याओं पर की जाने वाली कार्रवाई की समीक्षा होती है। डीसी वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय परिसर में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुन रहे थे। समाधान शिविर में 146 समस्याएं आई। उपायुक्त ने सभी समस्याओं पर संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए सौंपा। इनमें कुछ समस्याएं ऐसी भी आई, जिनका समाधान चंडीगढ़ मुख्यालय स्तर पर होगा, ऐसे आवेदनों को मुख्यालय भेजा गया। पेंशन और परिवार पहचान से संबंधित ऐसे बहुत से आवेदन आए, जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। पेंशन और परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं के बारे में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मामलों की फिजीकल वेरीफिकेशन हो चुकी है, उन मामलों का तुरंत प्रभाव से समाधान किया जाए। लोगों को बेवजह कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।



### लिखित आवेदन पत्र के साथ जरूरी दस्तावेज भी लगे हों

डीसी ने कहा कि आवेदन लेते समय आवश्यक दस्तावेज शिकायत पत्र के साथ जरूर लगे हों। ऐसे मामले सामने आते हैं, जिनमें जरूरी दस्तावेज साथ नहीं लगने के कारण भी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता। जन्म या मृत्यु प्रमाणपत्र न होने के कारण भी बहुत सी समस्याओं का हल नहीं हो पाता। इसी प्रकार से जमीन संबंधित मामलों में राजस्व विभाग से रिकार्ड लेना जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि कोई आवेदनकत्र्ता पढा-लिखा नहीं और उनको दस्तावेजों की जानकारी नहीं है तो ऐसे लोगों को जानकारी देना जरूरी है।

### मौके पर ही समाधान होने से मिली खुशी

समाधान शिविर में कुछ मामले ऐसे भी रहे, जिनका डीसी ने मौके पर ही समाधान करवाया। गांव ड्योला निवासी विजय ने अपनी समस्या रखते हुए बताया कि उनके पिता कैंसर से पीड़ित हैं और हर माह उनके इलाज पर हजारों रुपए खर्च होते हैं, लेकिन परिवार पहचान पत्र में उनकी आमदनी अधिक दशार्ने के कारण उनको मेडिकल क्लेम नहीं मिल रहा है। उनके आवेदन को उसी से क्रीड विभाग के हवाले किया गया और परिवार पहचान में आय को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस पर विजय ने कहा कि समाधान शिविर में आने से उनकी समस्या दूर हुई है। उसी प्रकार से दिव्यांग बनी सिंह की पेंशन के मामले का, उझाना ब्लॉक से राम भतेरी के परिवार पहचान पत्र की शिकायत का, पटियाला चौक निवासी सुनहरी परिवार पहचान पत्र में आय दुरूस्त करवाने और बीपीएल कार्ड बनवाने के मामले का मौक पर ही समाधान किया गया। जींद ब्लाक निवासी धर्मपाल ने वृद्धावस्था पेंशन बनवाने का आवेदन किया, जिस पर तुरंत संज्ञान लिया गया। गांव मालवी खेड़ा निवासी सुनील ने परिवार पहचान पत्र में आय दुरूस्त करवाने और बीपीएल कार्ड बनवाने बारे में आवेदन किया, जिस पर अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। समाधान शिविर में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे गांव भिड़ताना निवासी शमशेर ने डीसी इमरान रजा को बताया कि उनका परिवार मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करता है, लेकिन मिट्टी उठाने से संबंधित जमीन पर अवैध कब्जा है। बार-बार गुहार लगाने के बाद भी जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया है। इस पर डीसी ने मौके पर मौजूद डीडीपीओ संदीप भारद्वाज को तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस पर डीडीपीओ ने संबंधित बीडीपीओ को तुरंत संज्ञान लेने को कहा और बताया कि अवैध कब्जा तुरंत हटवाया जाएगा और बर्तन बनाने के लिए जमीन मुहैया करवाई जाएगी। अपनी फरियाद लेकर आए शमशेर ने बताया कि यहां पर आने पर उनको यकीं हुआ है कि उनकी समाधान हो जाएगा। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायत सुनते हुए डीसी ने निर्देश दिए कि परिवार पत्र में आय के अलावा यदि रिश्तों के कॉलम या वैवाहिक स्थिति गलत दर्शाई गई है तो ऐसे मामलों का प्रमुखता से समाधान हो। ऐसे दो मामले सामने आए, जिनका मौके पर ही समाधान किया गया। एक मामला परिवार पहचान पत्र में रिश्ता सही न दशार्ने का था और दूसरा मामला वैवाहिक स्थिति को सही न दर्शाए जाने का था। इन दोनों मामलों को डीसी ने गंभीरता से लिया और मौके पर ही समाधान करवाया।

इस अवसर पर डीएमसी विरेंद्र सहरावत, जिला परिषद की सीईओ डॉ किरण, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, डीआरओ राजकुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संदीप भारद्वाज, एसई बिजली निगम महिला एवं बाल विकास विभाग की डीपीओ सुलोचना कुंडू, सचिव जिला रैडक्रास रवि हुडडा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## गर्मी के मौसम में जलघरों के वाटर टैंकों तथा जोहड़ों को भरा जाएः वित्त मंत्री

स्वास्तिक न्यूज

लोहारू। वित्त मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में सिंचाई तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी आपस में तालमेल स्थापित कर लोगों के पेयजल के लिए जलघरों के वाटर टैंकों तथा गांवों में पशुओं के लिए जोहड़ों को भरवाना सुनिश्चित करें। लोहारू के प्रत्येक वार्ड तथा गावों में पेयजल की व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें। वित्त मंत्री जेपी दलाल वीरवार को अपने लोहारू कैंप कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनने के उपरांत लोहारू के वार्ड नंबर एक व गांव सिंघानी के दौरा कर अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने गांव सिंघानी में पंचायती राज के अधिकारियों को कहा कि वे गांव की अनुसूचित जाति की बस्ती में अधूरा पड़ा गली निर्माण कार्य को अति शीघ्र पूरा करवाएं जाएं। वित्त मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार द्वारा घोषित विकास कार्यों के निर्माण में तेजी लाई जाए। उन्होंने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोहारू शहर व क्षेत्र के गांवों में पानी की पाइप लाईन डालने के उपरांत सडक व गली को तुरंत ठीक करवाया जाएं। इन कार्यों में देरी करने वाले व कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारी को दोषी माना जाएगा। वित्त मंत्री ने लोहारू शहर के लोगों की मांग पर बीएंडआर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पिलानी रोड़ रेलवे फाटक के दोनों ओर सडक मार्ग की मरम्मत करवाई जाएं।

## 'समाधान शिविर आमजन की शिकायत निपटान काफी मददगार'

स्वास्तिक न्यूज



**नूंह।** राज्यमंत्री व सोहना से भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह ने दावा कर कहा कि जिला,उप मण्डल, मुख्यालय पर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह आयोजित समाधान शिविर आमजन की शिकायत निपटान काफी कारगर सिद्ध हो रहे हैं। इनमें मिल रही शिकायतों के निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों के लिए भेजा जा रहा हैं और संबंधित अधिकारियों को उनका समय सीमा में निपटान के लिए निर्देश दिये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों में लोगों का काफी रूझान हैं। वह आज तावडू उप मण्डल की एक वाटिका में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता के दौरान यह बात कही। इस दौरान नूंह के उप मण्डलाधीश कम मंडी प्रशासक विशाल कुमार, नगरपालिका, पंचायत, कृषि व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी,भाजपा नेता, कार्यकर्ता व शिकायतकर्ता भी मौजूद रहे। उप मण्डल स्तर के तावडू में राज्यमंत्री कम विधायक के प्रचंड गर्मी ,नौतपा व लू में लगे दरबार में खबर लिखे जाने तक करीब पहुंची 100 शिकायतों में अधिकांश पेंशन, परिवार पहचान पत्र, मतदाता पत्र, बिजली, पानी, राशन कार्ड, प्रोपट्री आईडी व विकास आदि सहित अन्य पहुंची समस्याओं को त्वरित व प्रभावी समाधान करने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने कहा कि जिन समस्याओं का मौके पर ही समाधान संभव होता हैं उनका वहीं समाधान करा दिया जाता हैं, इसके अलावा जिन समस्याओं का समाधान मौके पर संभव नहीं होता हैं ऐसे मामलों में संबंधित विभाग को निर्धारित समय में समाधान करने के लिए निर्देश दिये जाते हैं।

## इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने नूह में आयोजित जिला स्तरीय बैठक को संबोधित किया

स्वास्तिक न्यूज

**नूह।** इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने गुरुवार सांय जिला मुख्यालय नूह में आयोजित जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में संपन्न हुआ लोकसभा का चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर लड़ा गया था। 400 पार का नारा देकर भाजपा का मकसद देश का संविधान बदलना था जिससे प्रचार हो गया कि अगर भाजपा 400 पार कर जाएगी तो आरक्षण खत्म कर देगी। ये ऐसे मुद्दे थे जिससे देश मे हालात ऐसे बन गए कि लोगों ने एनडीए के उम्मीदवार को हराने के लिए इंडिया के उम्मीदवार को जिताकर लोकसभा में भेजने का मन बना लिया था। लोग हमें कहते थे कि लोकसभा में बीजेपी को हराने के लिए इंडिया गठबंधन को वोट देंगे। लेकिन विधानसभा में हम इनेलो को वोट करेंगे। वहीं भूपेंद्र हुड्डा लगातार भाजपा की मदद करने में लगा हुआ था। अगर भूपेंद्र हुड्डा इंडिया गठबंधन में इनेलो को लेकर हठधर्मी न करता तो भाजपा हरियाणा में एक भी सीट नहीं जीत पाती। हुड्डा मनोहर लाल खट्टर को जिताना चाहता था इसलिए उनके खिलाफ कमजोर उम्मीदवार को उतार दिया। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश चौटाला की एक सोच रही है कि अगर लोकसभा में ज्यादा से ज्यादा क्षेत्रीय दल के उम्मीदवार जीत कर नहीं जाएंगे तो ये राष्ट्रीय पार्टियां अपनी मर्जी से फैसले लेकर आम लोगों के खिलाफ कानून बनाएंगे। राष्ट्रीय दल पूंजीपतियों के हितों के लिए कानून बनाते है उनको आम आदमी से कोई सरोकार नहीं है। 2005 में केंद्र में सत्ता में रहते कांग्रेस ने ही तीन काले कृषि कानूनों का ड्राफ्ट तैयार किया था और उसे लागू करने के लिए लोकसभा में लेकर आई थी। उस समय दीपेंद्र हुड्डा ने लोकसभा में उस बिल के पक्ष में भाषण दिया था और कहा था कि मैकडॉनल्ड्स कंपनी सबसे ज्यादा आलू खरीदती है तो हम उनके लिए 2-2 फीट के आलू पैदा करके देंगे। उस पर विपक्ष की नेता सुषमा स्वराज ने कहा था कि आप अपने आप को किसान परिवार से कहते हैं लेकिन यह भी नहीं पता कि लोकी तो 2 फीट की हो सकती है लेकिन आलू नहीं हो सकते। इस पर कांग्रेस को शर्मिंदा होना पड़ा था। उस समय विपक्ष ने इस बिल का विरोध किया था और बिल पास नहीं हो सका था।

## क्या आपकी AC भी नहीं कर पा रही कूलिंग? तो जान लीजिए ये गारंटीशुदा फॉर्मूला



**स्वास्तिक न्यूज/ अनु शर्मा /नई दिल्ली**: जून में भी गर्मी की भारी तपिश के चलते AC जलने और फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इतना ही नहीं मौजूदा अउ भी घरों में पहले जैसी कूलिंग नहीं कर पा रहे हैं। ताजा घटना की बात करें तो बीते बुधवार रात वसुंधरा सेक्टर-13 स्थित मर्लिन सोसाइटी के छठे फ्लोर में एक डॉक्टर के घर में एसी का कंप्रेसर देर रात गर्म होने से फट गया। इससे घर में और आसपास आग लग गई। इससे पहले भी दिल्ली और गाजियाबाद समेत कई शहरों में इस तरह की कई घटनाएं देखने को मिली हैं। गर्मी में पारा पहले की तुलना में काफी ज्यादा बढ़ जाने की वजह से एसी में कई तरह की दिक्कत आ रही हैं। बहरहाल, अगर आपको भी ऐसा लग रहा है कि आपका एसी भी पहले जैसी कूलिंग नहीं कर रहा है तो हम इसकी वजह आपको बताने जा रहे हैं। साथ ही ये भी आपको बताएंगे कि कैसे इस दिक्कत को दूर किया जा सकता है।

दिल्ली-एनसीआर और आसपास के शहरों में खासतौर पर इस वक्त जमकर गर्मी पड़ रही है। आलम ये है कि बीते एक महीने से भी ज्यादा समय से तापमान से 40 से 49 डिग्री के बीच बना हुआ है। वहीं, न्यूनतम तापमान भी 32 डिग्री से नीचे नहीं गया है। इसी वजह से एसी भी कमरों को ठंडा नहीं कर पा रहे हैं।

एनबीटी में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक एक डीम्ड यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रिकल इंजिनियरिंग विभाग के प्रफेसर डॉ. जयंत बासु बताते हैं कि ज्यादातर एयर कंडीशनर बाहर के तापमान के मुकाबले अंदर के तापमान को 10 से 20 डिग्री ही कम कर सकते हैं। एसी हीट एक्सचेंजर, कंप्रेसर और पीसीबी मेन कंपोनेंट होते हैं। हीट एक्सचेंजर हॉट एयर बाहर फेंकता है। वहीं, कंप्रेसर में नाइट्रोजन गैस होती है और पीसीबी एसी यूनिट की बिजली सप्लाई को कंट्रोल करता है। सामान्य एसी में हीट एक्सचेंजर अच्छी क्वॉलिटी के नहीं होते। इसकी वजह से ये गर्म हवाओं को पूरी ताकत से बाहर नहीं फेंक पाते।

इंपोर्ट किए गए हीट एक्सचेंजर और कंप्रेसर की कैपेसिटी लिमिटेड होती है। ऐसे में एसी 38 से 40 डिग्री के ऊपर तापमान पर जाते ही कूलिंग कम करने लगते हैं।डॉ. बसु कहते हैं कि अगर बाहर का पारा 45 डिग्री है तो एसी चलने वाले कमरे में तापमान से 30 से 35 डिग्री के बीच ही रहेगा। कुछ मामलों में ये 25 डिग्री के आसपास भी रह सकता है।

### कैसे मिलेगी बेहतर कूलिंग?

**बाहर का तापमान** 40 डिग्री के ऊपर जाते ही कंप्रेसर का लोड बढ़ जाता है। ऐसे में ऐसी स्थिति में कमरे को अच्छी तरह से पैक करें ताकी कहीं से गर्म हवा न आए और एसी पर लोड न पड़े। एक्सपर्ट की सलाह है कि ज्यादा गर्म इलाकों में विशेष रूप से डेवलप किए गए इंडस्ट्रियल या फिर कमर्शियल एसी लगवाने चाहिए। ड्डबिजली बचाने और एसी पर लोड कम करने के लिए एसी का तापमान 24 डिग्री पर रखें। ड्डएसी के साथ पंखा भी चलाएं। इससे हवा चारों तरफ फैलेगी और बेहतर कूलिंग मिलेगी। रेगुलर एसी की सर्विसिंग कराते रहें। महीने में एक बार फिल्टर भी

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हमेटी में किया गया महिला जागरूकता सेमिनार का आयोजन

स्वास्तिक न्यूज/अनु शर्मा



**जींद।** महिलाओं के लिए कृषि व उद्यम क्षेत्र में कौशलता लाने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थानीय हमेटी में जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सुलोचना कुंडू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर सीडीपीओ संतोष यादव,रामरती, कांता देवी,जिला बाल सरंक्षण अधिकारी सुजाता,वन स्टॉप सेंटर की संचालिका राजवंती,डॉ सुभाष चंद्र तथा विभिन्न विभागों से आए प्रतिनिधियों ने महिला कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा संख्या में कृषि व उद्यम क्षेत्र में आने का आहवान किया गया।

डीपीओ सुलोचना कुण्डू ने महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि आज खेल,शिक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम,कृषि, विज्ञान,राजनीति के साथ-साथ हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ प्रतिस्पर्धा की दौड़ में बराबरी कर रही हैं। देश-प्रदेश में अनेकों ऐसी महिलाएं है जिन्हे जैविक खेती को बढावा देने के लिए राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर नवाजा गया है। सरकार द्वारा महिलाओं को शिक्षा,खेल तथा राजनीति व अन्य क्षेत्रों में आरक्षण देकर महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है।

उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना महिला शक्ति केंद्र के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास, रोजगार, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य और पोषण के अवसरों के साथ सशक्त बनाने के लिए वन-स्टॉप जैसी सहायता/सेवाएं प्रदान करना है। यह योजना ग्रामीण महिलाओं को उनके अधिकारों के लिए विभिन्न विभागों से संपर्क करें, अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए उनमें आत्मविश्वास बढाएगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग सरकार की महिला केंद्रित योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू करने व जागरूकता बढाने के लिए एक कड़ी के रूप में कार्य करता है। महिला सशक्तिकरण केन्द्र सभी स्तरों पर महिलाओं को उनकी क्षमताओं को विकसित करने के लिए सशक्त बनाता है।

हमेटी के उपनिदेशक आरके मेहता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को दिये जाने वाले कृषि यंत्रों में महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता है,जिनका प्रयोग कर महिला किसान भी कृषि के क्षेत्र में गुणवत्ता लाने व स्मार्ट रूप से कार्य करने में सक्षम हो रही है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर कृषक फसलों की ज्यादा पैदावार के लिए रासायनिक खाद,कीटनाशक व अन्य प्रकार की दवाईयों का प्रयोग करते है,जिनसे हमारे शरीर पर कू-प्रभाव पड़ता है और शरीर में असाध्य बीमारियां हो जाती है।

हमें इन बीमारियों से बचने के लिए कम से कम रासायनिक दवाईयों का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से आहवान करते हुए कहा कि ज्यादा संख्या में महिलाएं घर की रशोई का कार्य करती है, ऐसे में महिलाएं छोटे-छोटे गमलों व घर आंगन में अपनी रासायनिक रहित सब्जियां उगाकर बीमारियों से बचने में मदद कर सकती है।

इस अवसर पर आईटीआई से प्रतिनिधि तौर पर पहुंचे प्रमोद कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए आईटीआई में सीटें आरक्षित की है ताकि पुरुष वर्ग के साथ-साथ महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन सकें। सरकार द्वारा आईटीआई पास छात्राओं के लिए 25 सौ रुपए की राशी महिला दिवस पर तथा 15 सौ रुपए की राशी पासपोर्ट बनवाने के लिए प्रोत्साहन के रूप में दी जाती है। इसी प्रकार ब्यूटी पार्लर, सिलाई, कढाई जैसे लगभग आधा दर्जन कोर्स महिलाओं के लिए चलाए जा रहे है। कोर्स करने के बाद किट के लिए भी सरकार द्वारा ऋण मुहैया करवाया जाता है, जिससे महिलाएं अपना खुद का कार्य कर सक्षम बन सकें। सेमिनार में जिला बाल सरंक्षण अधिकारी सुजाता व महिला थाना से सुनीता देवी ने बाल विवाह,महिला व बाल संरक्षण तथा घरेलु हिंसा बारे विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बधाना की सरोज देवी,आंगनवाडी कार्यकर्ता बबीता,गोबिंदपुरा से राजबाला समेत कई गांवो की महिलाओं ने उनके जीवन में आई कठिनाईयों से वो कैसे बाहर निकली इसके लिए किये गए संघर्ष के बारे में बताया, इनके उदाहरण सेमिनार में सैंकड़ों की संख्या में पंहुची महिलाओं के लिए नजीर बने।

जागरूकता

**योग सिर्फ एक कसरत नहीं जीवन जीने का एक तरीका है: रितु कटारिया**

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर योग का दिया संदेश

मिसेज हरियाणा-2018 एवं समाजसेविका रितु कटारिया ने कहा कि भारतीय योग पद्धति का आज पूरी दुनिया में डंका बज रहा है। बिना कोई दवा किए योग के जरिये हम स्वस्थ रह सकते हैं। योग सिर्फ एक कसरत नहीं, यह जीवन जीने का तरीका है। योग को अपने जीवन में जरूर अपनाएं। यह बात उन्होंने गुरुवार को यहां गुरुग्राम नेचुरोपैथी क्योर सेंटर (जीएनसीसी) में आयोजित यो शिविर में कही। जीएनसीसी नैचुरोपैथी में योग शिविर का आयोजन जीएनसीसी की निदेशक डॉ. सुनीता कटारिया व सुनील कटारिया की ओर से किया गया।

इस अवसर पर डॉ. उषा आर्य द्वारा अग्निहोत्र हवन और योग, प्राणायाम सत्र योगाचार्य आर.के. अग्रवाल द्वारा किया गया। योग, प्राणायाम सत्र में रितु कटारिया ने कहा कि योग के जरिये हम बीमारियों से मुक्ति भी पा सकते हैं और बीमारियों को दूर भी रख सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस एक ऐसा लोक पर्व है, जो एक ही सुर में योग के महत्व के प्रति जागरूक करता है। भारत की पहल से योग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहचान दी गई थी। इसे पहली बार 21 जून 2015 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। तभी से हर साल 21 जून को पूरी दुनिया में योग को व्यापक स्तर पर मनाया जाता है। उन्होंने स्कूली बच्चों के नाम संदेश में कहा कि विद्यार्थी जीवन को अनुशासित और निरोगी बनाने में योग बहुत महत्वपूर्ण है। योग से एकाग्रता भी आती है। रितु कटारिय ने कहा कि योगासन के नियमित अभ्यास से बीमारियों से भी मुक्ति पाई जा सकती है।

जीएनसीसी की निदेशक डॉ. सुनीता कटारिया ने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में हमें प्राकृतिक पद्धति से अपने जीवन को स्वस्थ रखने का प्रयास करना चाहिए।



नेचुरोपैथी शैली अपना कर हम शारीरिक और मानसिक रुप से खुद को स्वस्थ और खुश रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सेहत के साथ ही शांत मन और प्रबल विचारों के लिए एकाग्रता का होना जरूरी है। यह योग से संभव है। बच्चों में बचपन से ही योग के प्रति रुझान जगाना चाहिए।

# विभिन्न मुद्दों को लेकर एसकेएम की पंचायत आज

स्वस्तिक न्यूज/विनय दीवान

लोहारू। स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री पार्क में आज किसानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर एसकेएम की पंचायत का आयोजन होगा।

इस पंचायत में खंड के किसान भाग लेकर किसानों की आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे।

यह जानकारी देते हुए भाकियू के जिला प्रधान मेवा सिंह आर्य एवं भाकियू के खंड प्रधान रविंद्र कस्वां ने बताया कि शुक्रवार को स्थानीय लाल बहादुर शास्त्री पार्क में संयुक्त किसान मोर्चा की पंचायत होगी। उन्होंने बताया कि पंचायत में किसानों की कपास फसल तेज अंधड़, भयंकर गर्मी और तुफान के कारण जल कर बर्बाद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि एक तो भयंकर गर्मी और बिजली सप्लाई में कटौती की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अनेक किसानों के मुद्दे हैं जिन पर विचार विमर्श किया जाएगा और सरकार को ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी जाएगी।

# गुरुग्राम का कचरा उठाने को लगाए गए अतिरिक्त डंफर

स्वस्तिक न्यूज/विनय दीवान

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम नगर निगम का दावा है कि गुरुग्राम में ठोस कचरा पर्यावरण आवश्यकता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत सफाई व्यवस्था को बेहतर करने तथा गारबेज वर्नेबल प्वाइंटों व सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों से कचरा उठान कार्य ने रफतार पकड़ ली है।

एक ओर जहां डोर-टू-डोर कचरा एकत्रित करने के कार्य में लगे वाहनों की संख्या को प्रतिदिन बढ़ाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों से कचरा निष्पादन प्लांट बंधवाड़ी तक कचरा पहुंचाने के लिए डंफरों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो रही है। डोर-ट-डोर कचरा कलेक्शन प्रणाली में वाहनों की संख्या 350 के पार चली गई है, वहीं बंधवाड़ी तक कचरा पहुंचाने में डंफरों की संख्या और ज्यादा हो गई है। जल्द ही 60 डंफर कचरा कलेक्शन प्रणाली में शामिल किए जाएंगे।

गुरुवार को नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने स्थानीय राजीव चौक से आधा दर्जन अतिरिक्त डंफरों को कचरा उठान कार्य के लिए रवाना किया। ये डंफर खांडसा, प्रेमपुरी, वजीराबाद, वाटिका चौक, चक्करपुर व कार्टरपुरी सहित अन्य सेकेंडरी कचरा कलेक्शन प्वाइंटों से कचरा उठाकर बंधवाड़ी पहुंचाने में तेज गति से जुट गए हैं।

वीरवार को अतिरिक्त डंफरों को रवाना करते समय अतिरिक्त निगमायुक्त ने मौके पर मौजूद संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार व विजय यादव सहित स्वच्छता सलाहकार अंबिका प्रसाद शर्मा, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक हरीश मेहता, संदीप कुमार व देवेन्द्र बिश्नोई को क्षेत्रवार डंफर सुपुर्द किए तथा कचरा उठान और अधिक तेजी से करवाने के निर्देश दिए।

नगर निगम का दावा है कि शहर के विभिन्न इलाकों में नगर निगम के सफाई कर्मियों की टीमों ने विशेष सफाई अभियान चलाया।

गंदगी से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली।

गुरुवार को वजीराबाद, कार्टरपुरी,वाटिका चौक, खांडसा, चक्करपुर और प्रेमपुरी आदि क्षेत्रों में युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।

खत्तों व सडकों से कूड़ा व गंदगी के उठान कार्य के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। साथ ही नगर निगम की टीमों को धन्यवाद भी दिया। निगम टीमों ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे साफ हुए स्थानों पर दोबारा से कूड़ा ना डालें। कूड़ा केवल निगम कर्मचारी को सौंपें या फिर निर्धारित स्थान पर ही डालें।

## जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम में विधायक डॉ. कृष्ण लाल मिढ़ा होंगे मुख्य अतिथि

# योग दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी

**चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में 21 जून को सुबह छह बजे आयोजित होगा जिला स्तरीय योग दिवस समारोह**

स्वस्तिक न्यूज/विनय दीवान

जींद। जिला स्तरीय योग दिवस समारोह 21 जून को चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में सुबह छह बजे आयोजित होगा।

योग दिवस समारोह में विधायक डॉ. कृष्ण लाल मिढ़ा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे तथा डीसी मोहम्मद इमरान रजा योग दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. अमित रोहिला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हर साल योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम चौ. रणबीर सिंह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। इसके अलावा जिला के प्रत्येक खंड स्तर पर भी योगा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक डॉ. कृष्ण लाल मिढा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि खंड स्तर पर आयोजित होने वाले अलेवा में नगर परिषद चेयरपर्सन डॉ. अनुराधा, जुलाना में जिला परिषद वाईस चेयरमैन सतीश कुमार, नरवाना में कॉन्फेड चेयरमैन कर्मवीर सैनी,



पिल्लूखेड़ा में एसडीएम जींद राकेश सैनी, सफीदों में नगर पालिका चेयरपर्सन अनीता रानी बिट्टा, उचाना में लेंड मोरगेज बैंक चेयरमैन अमरपाल राणा, उझाना में गौ सेवा आयोग के चेयरमैन स्वर्ण गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि योग दिवस की तैयारियों को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य, पंच-सरपंच, ब्लाक समिति व जिला परिषद सदस्य, आशा वर्कर, एएनएम, आंगनवाड़ी वर्कर, युवा, खिलाड़ी, स्कूल व कॉलेजों के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्य सहित हजारों की संख्या में लोग जिला स्तरीय योग दिवस समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि पैरा ऐशियन एथलेटिक्स में शॉटपुट में कांस्य पदक विजेता गांव खटकड़ निवासी मन्नू को योग दिवस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### इस प्रकार रहेगा योग दिवस समारोह कार्यक्रम

योग दिवस कार्यक्रम में 21 जून को सुबह छह बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। उसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा भगवान धन्वंतरी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर योग दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। इसके पश्चात योग दिवस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एडीसी डॉ. हरीश वशिष्ठ द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत संबोधन किया जाएगा। उसके बाद मुख्य अतिथि एवं विधायक डॉ. मिढा अपना संदेश देंगे। छह बजकर 27 मिनट से 6.40 तक हिसार में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह के संदेश का लाईव प्रसारण दिखाया जाएगा और उसके बाद 6.43 से सात बजे तक प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। सात बजे से 7.40 तक योगा प्रॉटोकोल होगा, जिसमें विश्वविद्यालय से योगा विभाग के सहायक प्रो. डॉ. विरेंद्र द्वारा योगासन एवं प्राणायाम करवाया जाएगा। योगा प्रोटोकॉल के बाद विश्वविद्यालय से ही योग विभाग से सहायक प्रो. सुमन पूनिया की टीम द्वारा योगासन पर एक डैमो का प्रदर्शन किया जाएगा। राष्ट्रगान के साथ जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का समापन होगा।

## अज्ञात ने कुदाली से राजबाहा की पटरी काटी, खेतों में पहुंचा पानी

सफीदों, विशालः सफीदों के नजदीकी गांव सिंघपुरा में बह रहे राजबाहा नंबर 3 की पटरी को बुधवार सुबह अज्ञात लोगों ने बुधवार को काट दिया। परिणामस्वरूप राजबाहे का पानी खेतों में भरने लगा। खेतों में चारा लेने गए किसी ने इसकी सूचना किसानों को दी। सूचना पाकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विभाग के अधिकारियों को सूचित करके राजबाहे का पानी पीछे से कम करवाया। सूचना पाकर मौके पर नहरी विभाग के जेई जयबीर मौके पर पहुंचे और राजबाहे के कट को जेसीबी के माध्यम से बंद करवाया। किसानों का आरोप था कि इस मामले में किसी शरारती तत्व का हाथ है और मौके से एक कुदाली भी बरामद हुई है। इससे पहले भी कई बार इस प्रकार के मामले यहां सामने आ चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह किसान खेतों में चारा लेने के लिए गए हुए थे। किसी ने देखा कि राजबाहे की पटरी में कट लगा हुआ है और भारी मात्रा में पानी बहकर खेतों में घुस रहा है। उसने इसकी सूचना अन्य ग्रामीणों को दी। सूचना पाकर काफी तादाद में आसपास के खेतों के किसान व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर मिट्टी के कट्टे भरकर राजबाहे के कट को भरने का प्रयास किया। वहीं इसकी सूचना नहरी विभाग को देकर पीछे से पानी कम करवाया। वहीं सूचना पाकर नहरी विभाग के जेई जयबीर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वहां का मुआयना किया। विभाग ने मौके पर जेसीबी मंगवाकर व मिट्टी से भरे कट्टे रखवाकर राजबाहे को बंद करवाया।

# मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिले सुनील गहलावत

स्वस्तिक न्यूज/ अभिषेक दीवान

**सफीदों।** हरियाणा प्रदेश की अनेक जन समस्याओं को लेकर आरपीआई अंबेडकर के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुनील गहलावत कबीर कुटिया चंडीगढ़ में सीएम नायब सैनी से मिले। उनके द्वारा रखी गई समस्याओं के समाधान का आश्वासन मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दिया। सुनील गहलावत ने चख्ण्डीगढ़ से लौटकर बताया कि सीएम के सम्मुख ओपीएस लागू करवाने, पुलिस कर्मचारियों को पंजाब के समान वेतन देने, कच्चे कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से पक्का करने, बैकलॉग को भरने, स्कॉलरशिप का पैसा समय पर छात्रों



सीएम नायब सैनी से मिलते हुए सुनील गहलावत।

को दिलवाने की मांगे रखी। जिस पर सीएम ने सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर आप नेता लाभ सिंह सिद्धू, एडवोकेट रिंकू धानिया, आरपीआई नेता डीपी सिंह विशेष रूप से मौजूद थे।

# अरे कितने पार्टी छोड़ गए, क्या फर्क पड़ता है..." किरण के भाजपा ज्वाइन करने पर हुड्डा का तंज

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया

चंडीगढ़ः हरियाणा के नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा वीरवार को कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

वहीं चंडीगढ़ कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने किरण चौधरी के इस्तीफे को लेकर भी कुछ बातें कही। इस दौरान उनके साथ अफताब अहमद और उदयभान भी मौजूद रहे। किरण चौधरी के भाजपा में शामिल होने पर भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है। वो क्यों गई ये उनसे पूछिए।

उन्होंने कहा कि अगर वो टिकट न मिलने से नाराज हैं तो टिकट हाईकमान



ने दी थी मैंने नहीं। उनकी नाराजगी हाईकमान से होगी।

साथ ही उन्होंने कहा कि कितने पार्टी छोड़ गए, क्या फर्क पड़ता है। जिसको अपना भविष्य जहां दिखेगा, वह वहां जाएगा।

वहीं अफताब अहमद ने कहा कि किरण चौधरी ने अपनी मूल पार्टी से त्याग पत्र दे दिया है।

और कोई भी निर्वाचित सदस्य किसी भी अपनी पार्टी से इस्तीफा देता है, तो उसका कानून में प्रावधान है कि उसी समय से उसकी सदस्यता रद्द हो जाती है। वहीं भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि सैलजा के किरण के साथ नाइंसाफी वाले बयान पर कहा कि टिकट हाईकमान देता है। सीनियर नेताओं को जो भी कहना है कि उन्हें हाईकमान के सामने ही कहना चाहिए। भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अगर किरण के साथ नाइंसाफी हुई है तो उसका इंसाफ हाईकमान करेगा। जो भी फैसला हाईकमान करेगा सभी को मान्य होगा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर के लिए वरदान बना अनाज मंडी का शेड



**सफीदों, विशाल:** सुबह से ही तपा देने वाली भीषण गर्मी के इस मौसम में 21 जून को यहां आयोजित किए जा रहे अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर को लेकर स्थानीय नई अनाज मंडी का शेड वरदान सिद्ध हो रहा है।

इस शैड के नीचे योग शिविर के आयोजन की तैयारी में लोगों को योग की रिहर्सल कराई जा रही है। इस तरह के आयोजन के लिए सफीदों में और कोई ऐसी जगह उपलब्ध नहीं है। इस जगह 10वें उपमण्डल स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में पायलट रिहर्सल का आयोजन आज किया गया। यहां के तहसीलदार राजेश गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस पायलट रिहर्सल में करीब पांच सौ लोगों ने भाग लिया। इसकी व्यवस्था देख रहे स्थानीय सिविल अस्पताल के होमियोपैथी चिकित्सक डाक्टर संदीप कुमार ने बताया कि स्वस्थ शरीर के लिए योग को लेकर लोगों में काफी जागरूकता आई है और इस शिविर में निश्चित रूप से लोगों की सराहनीय भागीदारी होगी।

## अज्ञात चोरों ने किया आभूषणों पर हाथ साफ, केस दर्ज

**लोहारू।** बीती रात्रि को लोको कॉलोनी स्थित वार्ड नंबर 6 में घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता ने मामले की शिकायत स्थानीय थाने में दी है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता लीलावती ने बताया कि बीती रात्रि को करीब 2 से 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान चोर दो सोने की अंगूठी एक लेडीज अंगूठी, चांदी की पाजेब, 15 से 20 चांदी के सिक्के चुरा ले गए। चोरी किए गए सामान की कीमत करीब एक लाख रुपये की है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गश्त पीसीआर, राइडर तैनात किए गए हैं।

# गांव सिंघाना के पास नहर में रात के अंधेरे में मरी मुर्गियां व सड़े हुए अंडे डालते पकड़े

**ग्रामीण मरी मुर्गियों व सड़े हुए अंडों से भरा टैंपू लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे**

स्वास्तिक न्यूज/विशाल

**सफीदों:** उपमंडल के गांव सिंघाना में देर रात ग्रामीणों ने एक मरी हुई मुर्गियों व सड़े हुए अंडों से भरा टैंपों गांव की नहर में डालते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। ग्रामीणों के द्वारा टैंपों को पकड़ने के बाद इसका चालक मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना पाकर डायल 112 को दी। ग्रामीणों ने साफ किया कि जब तक संबंधित हैचरी वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती तब तक वे इस टैंपों को छोड़ने वाले नहीं हैं। बुधवार सुबह सिंघाना गांव के ग्रामीण पकड़े हुए टैंपों को लेकर नगर के एसडीएम कार्यालय में पहुंचे और एक ज्ञापन एसडीएम के पीए को सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि उनके गांव के पास हैचरियां हैं और उन हैचरियों में मरी हुई मुर्गियों व सड़े हुए अंडों को टैंपों में भरकर नहर में डाल दिया जाता है। इन मुर्गो व अंडों के कारण इस क्षेत्र में सैंकड़ों की तादाद में कुत्ते मंडराने लगे



हैं। इन कुत्तों के कारण लोगों का रहना व यहां से निकलना दूभर हो गया है। कुत्ते अक्सर लोगों व राहगीरों को काट तो लेते ही है साथ ही साथ नहर में मुर्गे निकालकर उनके खेतों में ले जाते हैं और उनकी फसलों को तबाह कर देते हैं। इस प्रकार से गंदगी डालने के कारण पूरे गांव में भारी प्रदूषण फैला हुआ है और बड़ी बीमारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। यह प्रक्रिया पिछले कई सालों से चली हुई है। वे प्रशासन को इस बारे में कई बार अवगत करवा चख्के हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अब उन्होंने रात्रि में एक टैंपों को नहर में मरी मुर्गियों व सड़े हुए अंडों को डालते हुए पकड़ा है।

# मंदिर, गौशाला की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं दबंग: योगी

स्वास्तिक न्यूज

गुरुग्राम। सेक्टर-42 स्थित डीएलएफ फेज-5 में गोल्फ कोर्स के पास महाभारत कालीन के समय से स्थापित अस्थल मंदिर और कुछ वर्ष पहले यहां बनाई गइ गौशाला की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वे इस क्षेत्र में नशे का काम भी करते हैं। यह आरोप लगाया है मंदिर के महंत योगी सेवा नाथ ने। यहां सिविल लाइन में पत्रकारों से बात करते हुए महंत योगी सेवा नाथ ने सुशांत लोक फेज-1 पुलिस थाना में दी शिकायत की प्रति सांझा करते हुए कहा कि वे इस मंदिर में पिछले 35 साल से रह रहे हैं। मंदिर व गौशाला का संचालन कर रहे हैं। वजीराबाद गांव के छह लोगों नामजद लोगों के खिलाफ शिकायत में भी उन्होंने कहा है कि ये सभी झगड़ालू व माफिया प्रवृति के हैं। पिछले कुछ दिनों से ये लोग नशीले पदार्थों का सेवन करके मंदिर में आ रहे हैं। मंदिर व गौशाला के संचालन में दखल दे रहे हैं। गौशाला से जबरदस्ती दूध ले जाकर बाहर बेच रहे हैं। उनके द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि इन दबंगों ने मंदिर के एक कमरे पर कब्जा करके एक परिवार को रखा हुआ है। वह इनके साथी का परिवार है। आरोपी मंदिर से दक्षिणा के पैसे भी उठा ले जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे 31 मार्च 2024 को आरती कर रहे थे तो उसके सेवक जयपाल को घंटी बजाने के लिए बाहर भेजा। इसी दौरान 10-15 लोग वहां आए और जयपाल को घंटी बजाने से रोका। उसे धमकी भी दी। महंत योगी सेवा नाथ ने बताया कि जब वे झगड़ा सुनकर बाहर आए तो उनके साथ भी झगड़ा किया गया। उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी।

## वृद्ध सेवा आश्रम संचालन के लिए करें आवेदन: निशांत यादव

**गुरुग्राम।** बुजुर्गों का मान-सम्मान रखते हुए उन्हें बेहतर माहौल में आवासीय सेवा उपलब्ध कराने में जिला प्रशासन सक्रिय रूप से अपना दायित्व निभा रहा है। जरूरतमंद बुजुर्गों को राहत पहुंचाने के लिए जिला में वृद्ध सेवा आश्रम का संचालन करने की रूपरेखा तैयार की है। यह बात गुरुवार को जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने ही। उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की महानिदेशक आशिमा बराड़ को जिला में क्रियान्वित विभागीय योजना से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों को जानकारी दी कि सामाजिक न्याय, अधिकारिता अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग द्वारा वृद्ध सेवा आश्रम संचालन करने के लिए प्रस्ताव 30 जून तक आमंत्रित किए जा रहे हैं।

समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना के लिए मापदंड निर्धारित किए गए हैं। सेवा भाव के साथ कार्य करने वाली संस्थाओं को ही प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत हरियाणा सरकार के स्वामित्व वाली इमारत में वृद्धाश्रमों का संचालन होना है। ऐसे में जिला गुरूग्राम में सेक्टर-4 में रेडगॉस सोसायटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक गैर सरकारी संगठन/स्वैच्छिक संगठन/ट्रस्ट/सोसाइटियां/कॉर्पोरेट इस योजना के लिए अपना विस्तृत प्रस्ताव जिला गुरुग्राम मुख्यालय पर विकास सदन में जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में अथवा सीलबंद लिफाफे में सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्गों के कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग हरियाणा के कार्यालय में 30 जून 2024 तक जमा करवा सकते हैं।

साथ ही इसके अलावा नागरिक समर्थ वृद्ध सेवा आश्रम योजना से जुड़े दस्तावेज विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉट सोशलजस्टिशएच ाआरवाईडॉटजीओवीडॉटइन पर प्राप्त किए जा सकते हैं। इस अवसर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा व जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा व रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार मौजूद रहे।

स्वास्तिक न्यूज पेपर के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक विनय दिवान द्वारा बी.डी. कॉर्प प्रिंटिंग प्रेस, प्लॉट न. 42-43, सेक्टर 29, पानीपत-132103 से मुद्रित तथा स्वास्तिक न्यूज कार्यालय गागड़ा मोहल्ला, मेन बाजार, वार्ड न. 8, सफीदों शहर शहर-126112 हरियाणा से जारी। सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता विनय दिवान। मो. 94160-73460, समाचार से सम्बन्धित सभी विवादों का कार्यक्षेत्र सिर्फ सफीदों अदालत में होगा। RNI Reg. No. HARHIN/11380 Email swastiknewssafidon@gmail.com

# मंदिर में चोरी, संत बनकर रह रहे युवकों पर शक, लाखों के कैश व गहनों पर किया हाथ साफ

स्वास्तिक न्यूज

गोहाना : हरियाणा के गोहाना के गांव खेड़ी दमकन में स्थित बाबा तारानाथ मंदिर में चोरी की बड़ी वारदात हुई है। चोर यहां मंदिर के लाकर व बाबा की झोली से करीब पांच लाख कैश ओर सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए। मंदिर में 22 जून को पूर्णमासी पर भंडारा है और मंदिर के महंत व अन्य लोग इसकी तैयारियों में लगे थे। जिस को लेकर ग्रामीणों ने भंडारे के लिए चंदा इकठा किया था। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

गोहाना सदर थाना में दी शिकायत में महंत महाबीर नाथ ने बताया कि वो बाबा तारानाथ मंदिर खेड़ी दमकन का संचालक है। लगभग 20 साल से वो इसी मंदिर मे रह रहा है। उनके मन्दिर मे प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ की पूर्णमासी को भंडारा लगता है। इस बार भंडारा 22 जून को लगेगा। इसके लिए श्रद्धालुओं ने काफी दान दिया है और ग्रामीणों ने गांव से चंदा भी इकट्ठा किया है। महाबीर नाथ ने बताया कि लगभग 5 लाख रुपए व आभूषण मंदिर के लॉकर में रखे गए थे। इसके अलावा लगभग 85 हजार रुपए उसकी झोली में थे। मंदिर के लॉकर की चाबी भी उसकी झोली में रखी थी।

## लॉकर से लाखों की चोरी

उसने बताया कि 19 जून को दिन में मंदिर के कार्यों में व्यस्त रहा। शाम को 3 बजे उसने अपनी झोली देखी तो उसमे से 85 हजार रुपए व लॉकर की चाबी गायब थी। उसके बाद चाबी लगाने वाले को बुलाकर लॉकर को दूसरी चाबी द्वारा खुलवाया गया। महंत ने बताया कि लॉकर को चेक किया गया तो वहां से 5 लाख रुपए, एक सोने की अंगूठी, आधा किलो चांदी के आभूषण गायब मिले।




उसने पुलिस को बताया कि शक है कि ये चोरी मंदिर में कुछ समय से रह रहे मोंटी उर्फ बच्ची निवासी गाजियाबाद यूपी, कृष्ण निवासी गंगानगर कॉलोनी मेरठ और नरेंद्र निवासी शामली तीनों ने मिलकर की है। घटना के बाद से तीनों गायब है और उनका फोन भी बंद आ रहा था।

मामले की जांच कर रहे गोहाना सदर थाना के एसएचओ महिपाल ने बताया पुलिस ने महंत की शिकायत के बाद मौके का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने फिलहाल तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 454/380 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर लिया है महंत महाबीर नाथ ने बताया कि वह बाबा तारानाथ मंदिर खेड़ी दमकन का संचालक है।

उनके मंदिर में प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ की पूर्णमासी को भंडारा लगता है। इस बार भंडारा 22 जून को लगेगा। इसके लिए श्रद्धालुओं ने काफी दान दिया है और ग्रामीणों ने गांव से चंदा भी इकट्ठा किया है महाबीर नाथ ने बताया कि लगभग 5 लाख रुपए व आभूषण मंदिर के लॉकर में रखे गए थे जो यहाँ कुछ दिन से रह रहे मोंटी उर्फ बच्ची निवासी गाजियाबाद यूपी, कृष्ण निवासी गंगानगर कॉलोनी मेरठ और नरेंद्र निवासी शामली तीनों ने मिलकर चोरी की है मामला दर्ज कर लिया गया जांच की जा रही है।

# यमुनानगर में नाबालिग से दुष्कर्म

### काम सिखाने के बहाने भांजी को दिल्ली ले गया था मौसा

स्वास्तिक न्यूज

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय नाबालिग को उसके मौसा ने काम सिखाने के बहाने दिल्ली ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी व्यक्ति नई दिल्ली में वीजा कंसलटेंट का काम करता है। आरोपी ने वहीं पर अपना कार्यालय बनाया हुआ है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस दिल्ली पुलिस को रैफर कर दिया। दिल्ली पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी अनुसार शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके जीजा कर्ण कुकरेजा ने नई दिल्ली में वीजा कंसलटेंट नाम से कार्यालय बनाया हुआ है। आरोपी का उनके घर पर आना जाना है। फरवरी माह में आरोपी अपने परिवार के साथ उनके घर पर आया हुआ था। आरोपी ने उसकी 16 वर्षीय बेटी के बारे में कहा कि जब उसकी परीक्षा खत्म हो जाएगी तो उसे दिल्ली भेज देना। उसे अपने कार्यालय में काम सिखा देगा। बेटी की परीक्षा खत्म होने के बाद 13 मार्च को आरोपी उसकी लड़की को अपने साथ दिल्ली ले गया। वहां पर आरोपी उसकी लड़की को अपने साथ कार्यालय लेकर गया। जहां आरोपी उस पर गलत नजर रखने लगा। पीड़िता की मां ने बताया कि एक दिन आरोपी ने उसकी लड़की को कार्यालय पर अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।

# हरियाणा के नारनौल में लव मैरिज को लेकर घमासान

### भिड़े दो गांव, एक दूसरे का कर रहे बहिष्कार, कोर्ट ने युवक-युवती को दी सुरक्षा

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया

**नारनौल:** हरियाणा के नारनौल में युवक-युवती की लव-मैरिज को लेकर दो गांवों के बीच घमासान मचा हुआ है। कानूनी रूप से लड़का-लड़की बालिग हैं और दोनों ने अपनी मर्जी से शादी की है, लेकिन दोनों के गांव साथ-साथ होने के कारण सामाजिक तौर पर उन्हें स्वीकार नहीं किया जा रहा है। इस शादी से खफा लड़की के गांव के लोगों ने लड़के के गांव का एक तरह से बहिष्कार कर दिया है। दोनों गांवों के बीच पिछले एक सप्ताह से तनाव की स्थिति बनी हुई है।



वहीं, ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों गांवों के बीच 50 सालों का भाईचारा था, जो एक तरह से खतरे में पड़ गया है। सामाजिक सौहार्द कायम करने के लिए दोनों तरफ से पंचायतें हो चुकी हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। वहीं, प्रेमी जोड़ा जान का खतरा होने के चलते सेफ हाउस में दिन गुजार रहे हैं।

## दोनों ने भागकर की शादी

गांव वालों के अनुसार, बिगोपुर का लड़का नारनौल के किसी कोचिंग सेंटर में कोचिंग लेने के लिए जाता था, जबकि धोलेड़ा की करीब 24 वर्षीय लड़की नारनौल के कॉलेज में पढ़ाई करती थी। दोनों धोलेड़ा गांव के बस स्टैंड से रोजाना बस पकड़ते थे। तभी दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी और फिर ये नजदीकियां प्यार में बदल गईं। दोनों एक ही जाति से हैं, लेकिन फिर भी दोनों के गांव आस-पास होने के चलते उन्हें लगा कि परिवार के लोग शादी के लिए तैयार नहीं होंगे, इसलिए दोनों ने भागकर शादी कर ली।

## दोनों ने कोर्ट से मांगी सुरक्षा

दोनों के शादी करने की खबर जब गांव धोलेड़ा में पहुंची, तो लड़की के परिजन काफी नाराज हो गए। जिसके चलते दोनों शादी के बाद गाजियाबाद से वापस 13 जून को नारनौल कोर्ट में सुरक्षा मांगने पहुंचे। कोर्ट के आदेश पर दोनों को 7 दिन के लिए सेफ हाउस में रखने का आदेश दिया था। दूसरी बार जब लड़की को कोर्ट में पेश किया गया तो उसने जान को खतरा बताते हुए तीन लोगों पर आरोप भी लगाया। जिसके बाद लड़की और लड़के को फिर से 20 दिन के लिए सेफ हाउस में रखा गया है। वहीं, दूसरी ओर धोलेड़ा के ग्रामीण 13 जून से ही अपने गांव की मार्केट के बाहर धरना लगाकर बैठे हुए हैं। उनकी सिर्फ एक ही मांग है कि लड़की को वापस उसके परिजनों के पास भेजा जाएगा।

# उदयभान की नसीहत पर शैलजा का पलटवार

### उदयभान पर तंज कसते हुए सैलजा ने कहा,'हमें सिखाने लायक नहीं,हम पार्टी में गर्दन उठाकर चलते हैं

स्वास्तिक न्यूज/सुनिल कमानिया

हरियाणाः हरियाणा में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट वितरण को लेकर पार्टी की विधायक किरण चौधरी और उनकी बेटी पूर्व सांसद श्रुति चौधरी भले ही पार्टी को अलविदा कहकर बीजेपी में शामिल हो चुकी हैं, लेकिन हरियाणा कांग्रेस में अभी भी नेताओं का एक-दूसरे पर वार-पलटवार का सिलसिला लगातार जारी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस की निवर्तमान लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने एक बार फिर से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान को नसीहत दी है। उदयभान ने कुमारी सैलजा की ओर से दिए जा रहे बयानों पर उन्हें मीडिया की बजाए पार्टी हाई कमान के समक्ष अपनी बात रखने की नसीहत दी थी, जिस पर अब कुमारी सैलजा ने पलटवार करते हुए उन्हें ही नसीहत दे डाली।

## हमें सिखाने लायक नहीं

हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष चौधरी उदयभान की ओर से कुमारी सैलजा को दी नसीहत के जवाब में सैलजा ने उन पर पलटवार किया है। कुमारी सैलजा ने कहा कि वह प्रधान है, कहें उन्हें जो कहना था। ह्यमुझे जो कहना था मैं कहती हूंह्व। सैलजा ने कहा कि वह हमेशा पार्टी के दायरे में रही हैं और पार्टी के बारे में उन्हें सिखाने लायक पार्टी में कोई एक-आध ही होगा, लेकिन तकरीबन कोई नहीं है। सैलजा ने कहा कि वह पीढ़ियों से कांग्रेस में है। एक दिन भी ना तो पार्टी से बाहर गए है और ना सोचा और ना सोचेंगे। इसलिए वह पार्टी में गर्दन उठाकर चलते हैं और ये बात वह अहंकार के साथ नहीं, बल्कि पाईर्टी के प्रति समर्पित होकर कह रही हैं।





### स्तंभ को बाहर कर रहे

किरण चौधरी के बीजेपी में शामिल होने पर कुमारी सैलजा ने कहा कि उन्होंने अपने विवेक से फैसला लिया है, लेकिन वह (सैलजा) चाहती थी कि सब साथ रहकर पार्टी में मेहनत करें। परंतु किरण चौधरी का भी परिवार है और चौधरी बंसीलाल की विरासत को वह पूरे प्रदेश में संभाल रही है। किसी का नाम लिए बिना कुमारी सैलजा ने पूर्व मुख्यमंत्री भुपेंद्र सिंह हुड्डा और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष उदयभान पर तंज कसते हुए कहा कि बाहर से तो लोगों को पार्टी में ज्वाइन करवाते रहते हैं कि उसे ले लिया, उसे ले लिया। नंबर गिरे जा रहे हैं और यहां के स्तंभ को बाहर कर दो, ये कोई तरीका नहीं है। उन्होंने माना कि किरण चौधरी के जाने से पार्टी को नुकसान होगा।

### राज्यसभा के लिए कोशिश करेंगे

दीपेंद्र हुड्डा के इस्तीफे के बाद खाली हुई राज्यसभा की सीट के उपचुनाव को लेकर कुमारी सैलजा ने कहा कि आज हरियाणा में पार्टियों की खिचड़ी बन गई है। इसके बाद भी राज्यसभा के लिए कोशिश की जाएगी और कोशिश करेंगे भी।

### इस बयान पर छिड़ा विवाद

कुमारी सैलजा और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के बीच लोकसभा के चुनाव परिणाम के बाद से ही जुबानी जंग जारी है। चुनाव परिणाम के बाद सैलजा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर मैं और मेरे की राजनीति करते हुए टिकट वितरण का आरोप लगाया था। इसमें उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और पार्टी के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया पर भी पार्टी हाई कमान को गलत रिपोर्ट देने की बात कही थी। इसके जवाब में हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने सैलजा को अपनी बात मीडिया की बजाए पार्टी लाइन में रहते हुए हाई कमान के समक्ष कहने की नसीहत दी थी, जिस पर अब एक बार फिर से सैलजा ने पलटवार किया है।।

# प्रदेश में तीसरी बार फिर बनेगी भाजपा सरकार: बख्शीश सिंह विर्क

असन्ध। भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में करवाए गए विकास कार्यों व जनकल्याणकारी नीतियों के चलते प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना तय है। हरियाणा में पिछले करीब साढ़े 9 साल में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए है। केन्द्र व प्रदेश सरकार ने विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उपरोक्त विचार भाजपा के पूर्व विधायक बख्शीश सिंह विर्क ने डेरा हरिया से लेकर रोड तक की 13 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सड़क का नारियल फोड़कर उद्घाटन करते हुए कहे। पूर्व विधायक का पार्षद मेजर सिंह, ऋषि मूंडे , पार्षद प्रतिनिधि जगदीश गर्ग , सरपंच कुलदीप मल्ली, पूर्व पार्षद मालक सिंह ने फुल मालाए पहनाकर स्वागत किया। विर्क ने कहा कि सड़के जर्जर हो चुकी थी जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था । उन्होंने कहा कि कोहंड से लेकर सालवन ,बल्ला व असंध तक सड़क का लगभग 12 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि करनाल से लेकर बडौता ,गगसीना व मूनक तक की सड़क का 8 करोड़ की लागत से निर्माण होगा । बख्शीश सिंह विर्क ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य कर रही है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि विक्रमजीत सिंह चौगामा , जसविंदर सिंह डेरा पिंडोरिया , सुनील फफड़ाना, कुलबीर मूंड,कैप्टन जसवंत सिंह, पूर्व सरपंच रोशन चोचड़ा ,मालक सिंह, इन्द्रजीत सिंह मल्ली, बलजिंदर सिंह,राजीव वैध , गुरप्रीत सिंह,गुरदयाल सिंह , कृष्ण नंबरदार,सीमा जांगड़ा, सत्यवान रजूला सहित अन्य मौजूद रहे।

# पानीपत में शराब ठेके पर ईंटों और बोतलों से युवक की हत्या, चार बदमाशों ने किया हमला

स्वास्तिक न्यूज संवाददाता

पानीपतः हरियाणा के पानीपत में शराब ठेके पर ईंटों और बोतलों से युवक की चार बदमाशों ने हत्या कर दी। स्वास्तिक न्यूज को मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा के पानीपत जिले के समालखा कस्बे में बुधवार देर रात चुलकाना गांव स्थित एक शराब ठेके पर युवक की हत्या कर दी गई। यहां पहले से ही घात लगाए कार में बैठे चार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। जैसे ही मरने वाला युवक अपने साथी संग अपने भाई ठेके के भीतर घुसा, वैसे ही बदमाश भी अंदर आ गए। अंदर आते ही ताबड़तोड़ ईंटें, कांच की बोतलों से उन पर हमला कर दिया। जिस दौरान एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, ठेके पर बैठा कारिंदा मौके से भाग निकला था। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश कार में सवार होकर फरार हो गए।



## कृष्ण का दोस्त विशाल भी हुआ गंभीर रूप से घायल

समालखा थाना पुलिस ने बताया कि चुलकाना गांव में सोनू का शराब का ठेका है। जिस पर रात उसका भाई कृष्ण (24) अपने दोस्त विशाल के साथ आया था। ठेके पर उस वक्त सिर्फ सेल्समैन प्रदीप था। इसी दौरान चार अज्ञात युवक एकाएक ठेके के भीतर घुसे और उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में कृष्ण की मौत हो गई।

जबकि विशाल गंभीर रूप से घायल है। वहीं, कारिंदे प्रदीप ने वहां से भाग कर खुद को बचा लिया। वहीं, पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक साल 2015 में चुलकाना गांव में जयपाल डॉक्टर के बेटे की हत्या हुई थी। उस हत्या में कृष्ण भी शामिल था। जिसे कोर्ट से सजा सुनाई जा चुकी है। कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा दी है। जिसमें वह फिलहाल बेल पर बाहर आया हुआ था।

# रोहतक में हुआ केमिकल ब्लास्ट, दो कर्मचारियों की मौत

स्वास्तिक न्यूज/अभिषेक दीवान

**रोहतकः** हरियाणा के रोहतक में पब्लिक हेल्थ के पीर बोहदी डिस्पोजल केंद्र पर बुधवार को देर रात अचानक ही केमिकल का बॉक्स फट गया। इस ब्लास्ट की चपेट में आने से दो कर्मचारियों की मौके पर मौत हो गई। हादसे में दोनों के शव पूरी तरह जल चुके हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई अस्पताल में रखवा दिया है। मृतकों की पहचान 25 वर्षीय प्रेमनाथ निवासी कटिहार बिहार और 30 वर्षीय धर्मबीर सिंह यूपी के कासगंज निवासी के रूप में हुई है। सुखपुरा चौकी प्रभारी ने बताया कि पब्लिक हेल्थ की ओर से गोहाना रोड पर पीहर बोहदी के पास गंदे पानी की निकासी के लिए डिस्पोजल बनाया गया है। डिस्पोजल केंद्र के कमरे में ही 10 बॉक्स केमिकल के रखे हुए थे, जिनको सीवरेज लाइन लीक होने पर जोड़ने के लिए वहां पर रखा गया था। केमिकल पाउडर के रूप में था।

रात लगभग पौने एक बजे अचानक दो बाक्स फट गए, जिससे धुआं निकलने लगा और केमिकल पानी बन गया और सो रहे श्रमिक प्रेमनाथ और धर्मबीर के ऊपर आ गिरा। इसके बाद चारो तरफ धुआं फैल गया। साथी कर्मचारियों को भी कुछ नहीं पता चला। किसी तरह खिड़की तोड़कर कर्मचारियों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि परिजनों को इस घटना की सूचना दे दी गई है। उनके बयान दर्ज होने के बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू कर देगी।

# करनाल में सनकपने का चढ़ा पारा,बीड़ी न देने पर काटी टांग

स्वास्तिक न्यूज/ सुनिल कमानिया

करनालः हरियाणा के करनाल जिले के कैहरबा गांव में एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति का गन्ना काटने वाले कटर से पैर काट दिया। व्यक्ति का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने आरोपी को बीड़ी नहीं दी थी। इससे गुस्साए आरोपी ने व्यक्ति पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। पीड़ित के भाई ने उसे इंद्री के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी रहा। जिसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## घायल व्यक्ति करता है भेड बकरियां चराने का काम

गांव कैहरबा निवासी सतीश कुमार पुत्र धर्मपाल भेड़ बकरियां चराने का काम करता है। बीती 20 मई की दोपहर करीब 2 बजे वह दुकान पर बीड़ी लेने के लिए जा रहा था, इसी दौरान रास्ते में उसे जैनपुर गांव का चरण सिंह पुत्र जोगिंद्र मिला। चरण सिंह ने उससे बीड़ी मांगी, लेकिन सतीश के पास बीड़ी ही खत्म हो चुकी थी, लिहाजा उसने बीडी से मना कर दिया कि उसके पास बीड़ी नहीं है। जिसके बाद चरण सिंह का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और उसने अपने हाथ में लिए गन्ना कटर से दाहिनी टांग पर वार कर दिया और उसकी टांग कट गई।

## वारदात के बाद दर्द से कराह उठा सतीश,सड़क पर चिल्लाता रहा

पीड़ित सतीश की टांग पर कट्टर लगा था, जिससे वह बुरी तरह से कराह उठा, उससे दर्द सहन नहीं हो रहा था। तभी सतीश का भाई मौके पर पहुंच गया और अपने भाई को संभाला, लेकिन आरोपी मौके पर उसे जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। जिसके बाद उसके भाई ओमप्रकाश ने उसे इंद्री के अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से उसे करनाल के अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां पर उसका इलाज चला।

# बंगाल रेल हादसे की क्या थी वजह? प्रारंभिक जांच में हुआ खुलासा, लापरवाही बनी जानलेवा

# कंचनजंघा एक्सप्रेस को एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी थी

- इस हादसे में यात्री ट्रेन के गार्ड और मालगाड़ी के पायलट सहित 10 लोगों की मौत हो गई
- ट्रेन हादसे की जांच के लिए छह वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है, जिसकी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सामने आई है

स्वास्तिक न्यूज संवाददाता

**कोलकताः** पश्चिम बंगाल में 17 जून को कंचनजंघा एक्सप्रेस और एक मालगाड़ी के बीच भीषण टक्कर हो गई। मालगाड़ी ने यात्री ट्रेन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे की शुरूआती जांच से पता चला है कि न्यू जलपाईगुड़ी रेल मंडल के परिचालन विभाग और मालगाड़ी के चालक दल की ओर से चूक हुई थी, जिससे यात्री ट्रेन टकरा गई। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले में सोमवार को खड़ी सियालदह जाने वाली कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा जाने के बाद यात्री ट्रेन के गार्ड और मालगाड़ी के पायलट सहित कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि यह टक्कर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन से 30 डट दूर रंगपानी स्टेशन के पास हुई, जिससे सुबह 8:55 बजे मालगाड़ी के इंजन की चपेट में आने से कंचनजंगा एक्सप्रेस के पीछे के 4 डिब्बे पटरी से उतर गए। दुर्घटना के तुरंत बाद रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा था कि टक्कर इसलिए हुई, क्योंकि मालगाड़ी ने सिग्नल की अनदेखी की। रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआरएस) ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।




## जांच टीम की रिपोर्ट आई सामने

रेलवे ने छह वरिष्ठ अधिकारियों की एक जांच टीम भी गठित की है, जिन्होंने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, पांच अधिकारियों ने पाया है कि हादसे में मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल के साथ-साथ स्पीड लिमिट का उल्लंघन किया। वहीं, एक अधिकारी का कहना है कि न्यू जलपाईगुड़ी रेल डिविजन के परिचालन विभाग की लापरवाही है। रानीपत्रा और और छत्तरहाट जंक्शन के बीच रूट को सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा सका।

## चालक ने नियमों का पालन नहीं किया

जांच समिति के अधिकतर सदस्यों का मानना है कि मालगाड़ी के चालक ने नियमों का पालन नहीं किया और खतरनाक तरीके से ऑटोमैटिक सिग्नल को पार किया। साथ ही ट्रेन की स्पीड की नियमों से ज्यादा रखी, जिसके चलते दोनों ट्रेनों की टक्कर हुई। हादसे के बाद न्यू जलपाइगुड़ी डिविजन के चीफ लोको इंस्पेक्टर ने बताया कि 17 जून की सुबह 5:50 बजे ऑटोमैटिक और सेमी ऑटोमैटिक सिग्नल काम नहीं कर रहे थे। ऐसी स्थिति में नियमों के मुताबिक, पूरे सेक्शन (रानीपात्रा से लेकर छतरहाट जंक्शन) को पूरी तरह से ब्लॉक सिस्टम में बदला जाना चाहिए था और सेक्शन पर एक समय में एक ही ट्रेन को गुजरने की अनुमति दी जानी चाहिए थी।

## जांच रिपोर्ट में क्या कहा गया है

जांच रिपोर्ट के अनुसार, कंचनजंघा एक्सप्रेस सुबह 8:27 बजे रानीपात्रा स्टेशन से निकली थी और सिग्नल खराब होने की वजह से उसे टी/ए 912 और टी369 फॉर्म जारी किए गए थे। टी/ए 912 फॉर्म जारी होने का मतलब होता है कि ट्रेन सभी लाल सिग्नल को पार कर सकती है। वहीं, दूसरी तरफ फॉर्म टी369 जारी होने का मतलब होता है कि ट्रेन दो सिग्नल तुरंत पार कर सकती है, लेकिन उसकी स्पीड 15 डट प्रतिघंटे तक होनी चाहिए।

जांच में खुलासा हुआ कि मालगाड़ी को भी उसी अथॉरिटी ने ये फॉर्म जारी किए और वो भी सिर्फ 15 मिनट के अंतराल पर सुबह 8.42 बजे। रिपोर्ट में बताया गया है कि कंचनजंघा एक्सप्रेस एक खराब सिग्नल पर रुककर इंतजार कर रही थी, तभी मालगाड़ी ने पीछे से आकर टक्कर मार दी। इस टक्कर से मालगाड़ी के पांच कोच और 11 बोगियां क्षतिग्रस्त हुई। हालांकि, जांच रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि जब मालगाड़ी ने कंचनजंघा को टक्कर मारी तो उस वक्त मालगाड़ी की स्पीड क्या थी? अब रेलवे सुरक्षा आयुक्त गहराई से जांच कर रहे हैं।

# यूपी पुलिस पेपर लीक में सरकार की बड़ी कार्रवाई, परीक्षा कराने वाली कंपनी को किया ब्लैक लिस्ट

- एजुटेस्ट के संचालक पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

स्वास्तिक न्यूज/उत्तर प्रदेश

**उत्तर प्रदेश** पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान जल्द ही होने वाला है लेकिन उससे पहले उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने परीक्षा आयोजित करने वाली गुजरात के अहमदाबाद स्थित एजुटेस्ट कंपनी को ब्लैकलिस्ट कर दिया है।

द्वारा उठाए गए इस कदम के बाद अब एजुटेस्ट को उत्तर प्रदेश में किसी भी सरकारी विभाग में होने वाली भर्ती परीक्षाओं में काम करने का मौका नहीं दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश एसटीएफ की तरफ से एजुटेस्ट कंपनी के संचालक विनीत आर्य को अपना बयान दर्ज करने के लिए अब तक चार बार नोटिस जारी किया जा चुका है लेकिन वह चार नोटिस मिलने के बाद एक बार भी एसटीएफ के सामने उपस्थित नही हुआ है। इस मामले में एसटीएफ का अगला कदम विनीत आर्य की गिरफ्तारी भी हो सकता है।




## कब आयोजित हुई थी यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 17 और 18 फरवरी को आयोजित की गई थी, जिसे पेपर लीक होने के बाद रद्द कर दिया गया था। इस परीक्षा के रद्द होने के बाद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले 6 महीने के अंदर इन परीक्षाओं को दोबारा आयोजित कराने की घोषणा की थी।

## कब आएगी यूपी कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की तारीख

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड इन परीक्षाओं के आयोजन की नई तारीखों को किसी भी वक्त जारी कर सकता है। हालांकि लेटेस्ट अपडेट के अनुसार, 25 जून तक इन परीक्षाओं की तारीख को जारी किया जा सकता है।